>

Title: Regarding cartoons published in school textbooks brought out by NCERT.

MADAM SPEAKER: Now, Shrimati Harsimrat Kaur Badal. Please wait for a minute. You know, on this issue, the hon. Leader of the House has already given the answer. So, would you like to raise it again because it has been raised already?

SHRIMATI HARSIMRAT KAUR BADAL (BHATINDA): Madam, I just want to reiterate another point. I will wind up in a minute. ...(*Interruptions*)

श्री संजय निरुपम (मुम्बई उत्तर): महोदया, इस बारे में हमें भी कुछ बोलना है।

SHRIMATI HARSIMRAT KAUR BADAL : Madam, I would first like to start by thanking you for allowing me to raise this very disturbing issue, which, I think, is a serious concern for all of us sitting over here.

Madam, yesterday you said that while we were celebrating the 60 years of our democracy, this little plant of parliamentary democracy had now become a big tree. We seriously need to look at what we are doing to the very roots of this parliamentary democracy.

Madam, with very great sadness, during the Anna Hazare's *dharna* I noticed that hundreds of school children were actively participating in the movement against corruption and speaking openly against politicians and the political system. It not only saddened and disappointed me but also left me wondering as to the reason why they did it. As a 12-year child, I remember reading about great leaders who were actually role models for us, starting from Pandit ji to Mahatma ji to Maulana Azad, and to all these leaders, we used to look up to. It shocked me to see that today youngsters were not looking up to politicians but were actually holding us in very poor light.

Madam, recently I got a chance to interact with young school children aging between 13 years and 15 years from Class IX to class XII and I asked them the reason for this sense of disgust. I started by asking them as to how they would like to participate in nation building and how many of them would like to serve the country.

Madam, you will be horrified to know that out of 100 students present, not even one of them wanted to be a politician. But they all laughed at my face and said: "Why would any of us want to be a part of you looters, criminals, murderers and thieves?" Madam Speaker, I was horrified to hear all this.

When I asked them as to why do they have these ideas, they said: "Madam, look at our textbooks; look what the television says; look what the newspaper says; look what the movie says! You watch movie like *Rajniti* and *Ishaqjaade*! You watch television at 9 o'clock, and every news channel is just politically bashing the politicians because their TRP would only go up if they say bad stuff about people. Nobody shows any good stuff about politician."

So, Madam, today, you are being perceived by the public that there is a wave of revulsion in the country against politicians. Anyone who calls us 'looters, murderers and criminals' , the public seems to love it. We cannot control what the television shows or what the newspapers write or what the movies show or what the magazines write. But if impressionable young minds of 13 year olds are going to be shown cartoons like 'the politician treating the voter like a hungry dog, showing him *rotis* and then gun-toting politicians.' Madam, I have distributed the cartoon and it is for everybody to see....(*Interruptions*)

But Madam, what worries me is this. What about those lofty ideals set-forth by our seniors, who talked about sacrifice for the country, who gave up all their comforts to serve the under-privileged, the movements and fights set forth by those people?

Not only has the UPA Government made a laughing stock of their own leaders and of revered leaders of other parties, but in fact, they have no democracy. In such an undemocratic manner they have poisoned the minds of crores of children over the last six to seven years, which can never be set right.

Today, Madam, it is not a question of these cartoons being removed. What I want to ask is this. What about all those

minds that have been poisoned? What about this wave of revulsion, which is spreading in our country? Who is responsible for that and how are we going to correct that?

Madam, we talk about Right to Education, but if we do not look at the quality of education we are imparting, we are not only harming the country, but also we are weakening this very democracy where we are sitting.

So, Madam, I would like to request this august House that just removing the cartoons is not enough. Today, if we only do not put up those high ideals set forth by our leaders, and make role models out of them, for the next generation to look up to, then we are already branded as looters, criminals and murderers, and sixty years down the line when we look back, no one is going to remember either us or the generation. So, this is a very serious issue. It is not just something to contemplate. Take away the cartoons. Yes, responsibility should be fixed. Why is the Minister not looking at what his textbooks are teaching? Who are the people who have made not just a laughing stock of the Congress parties' leaders but of every other leaders and poisoned those minds? Why should strict action not be taken in a time bound manner? But how are we going to now reverse this trend and that damage that has been done in the last seven years?

That is what I would like to ask.

SHRI P.L. PUNIA (BARABANKI): Madam, I would like to associate myself on this issue raised by Shrimati Harsimrat Kaur Badal.

MADAM SPEAKER: Okay, you name will be associated on this matter.

श्री संजय निरुपम : माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं आपका बहुत आभारी हूँ कि आपने इस महत्वपूर्ण विषय पर मुझे बोलने की अनुमति दी। जब प्रश्नकाल शुरू हो रहा था, तब हम लोगों ने यह विषय आपके समक्ष सदन में रखा था। तब नेता सदन ने इस बारे में एक आश्वासन दिया था। इस आश्वासन के बावजूद अभी भी यह प्रश्न बहुत महत्वपूर्ण है। हमारे देश में पोलिटीशियन बैशिंग एक नया फैशन सा बन गया है। जिसको देखो वही - टेलीविज़न प्रोग्राम हो, फिल्म हो, अखबार हो, सभाएँ हों, कार्यक्रम हों, उन कार्यक्रमों के माध्यम से और कुछ नहीं, एक प्रकार का ज़हर फैलाया जा रहा है कि इस देश में अगर सबसे खतरनाक प्रजाति कोई है तो यहे राजनीतिक लोग हैं, जबकि ये भूल जाते हैं कि यह राजनीतिक सिस्टम ही देश को आगे ले जाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप बैठ जाइए। उन्हें बोलने दीजिए।

â€¦(व्यवधान)

श्री संजय निरुपम : राजनीति के बगैर इस देश में जनतंत्र की कामयाबी की कल्पना नहीं की जा सकती। जनतंत्र है तो हम सब सुरक्षित हैं। यह सब जो अभी तक अलग-अलग स्तर पर हो रहा था, वह हम सब देख रहे हैं, झेल रहे हैं, उसके खिलाफ लड़ाई भी लड़ रहे हैं, अपनी-अपनी बातें भी रख रहे हैं, लेकिन एन.सी.ई.आर.टी. की किताबें जो हम नई पीढ़ी के बच्चों को पढ़ाने के लिए, सिखलाने के लिए प्रकाशित करते हैं, जो भारत सरकार का एच.आर.डी. मिनिस्ट्री करता है, अगर मिनिस्ट्री की किताबों में ही इस प्रकार की किताबें आने लगेंगी, तो यह और भी दुर्भाग्यपूर्ण हो जाएगा। पिछले हफ्ते हमने देखा कि बाबासाहेब अंबेडकर के संदर्भ में जो एक आपत्तिजनक कार्टून छापा गया, उसमें हम सभी लोगों ने, पूरे सदन ने, पूरे देश ने आपत्ति की, जिसके बाद सरकार ने उस कार्टून को भी वापस लिया और उस किताब को भी वापस लिया। आज हमारे पास एक नई किताब की कॉपी है- डेमोक्रेटिक पॉलीटिक्स-1। डेमोक्रेसी और पॉलीटिक्स सिखलाते-सिखलाते उस ज़माने में हमारे जो अलग-अलग शासक थे, महापुरुष थे, जो हमारे प्रधानमंत्री रहे, राजनेता रहे, उनके ज़माने के कार्टून अखबारों में छपते थे, उन कार्टूनों के माध्यम से हम नई पीढ़ी को सिखलाना चाह रहे हैं, लेकिन मुझे समझ में नहीं आता क्या सिखलाना चाह रहे हैं!

मैं सबसे पहले मांग करूंगा कि एचआरडी मिनिस्ट्री को इस तरह की पुस्तकों को छापने के बारे में अपनी नीतियां स्पष्ट करनी चाहिए। इस प्रकार के आपत्तिजनक और खराब स्वाद के कार्टून नहीं छापे जाने चाहिए।...(व्यवधान)

दूसरी बात यह है कि एनसीईआरटी की किताबों का पाठ्यक्रम तय करने के लिए विद्वानों की एक समिति होती है। यह कौन से विद्वान हैं? इन विद्वानों को आखिर बुरे स्वाद के, बेड टेस्ट के कार्टून्स में आखिर क्या रूचि हैं? ऐसे विद्वानों की समिति के खिलाफ, जो हमारे देश के तथाकथित विद्वान हैं, उनके खिलाफ इनक्वायरी होनी चाहिए। उनके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए।...(व्यवधान) ये विद्वान भी कहीं न कहीं उस साजिश में शामिल तो नहीं हैं।...(व्यवधान) पूरे राजनीतिक जमात को बदनाम करने के लिए और उसके माध्यम से पूरे देश की जनतात्रिक व्यवस्था को बदनाम करने का जो कार्यक्रम चल रहा है, वह खत्म होना चाहिए। न सिर्फ यह किताब विड्रा करनी चाहिए, बल्कि जिन-जिन विद्वानों की समिति ने इन किताबों के बारे में निर्णय लिया है, उस समिति के खिलाफ भी एक जांच आयोग बैठना चाहिए ताकि भविष्य में देश की जनतांत्रिक व्यवस्था को बर्बाद और बदनाम करने वाले लोग इस प्रकार की हरकत न करें।...(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: Do you want to associate? What do you say? जो माननीय सदस्य अपने को सम्बद्ध करना चाहते हैं, कृपया अपने नाम की स्लीप टेबल पर भेज दें।

श्री एन.एस.वी. चित्तन,

श्री जे.एम.आरुन रशीद,

श्री पन्ना लाल पुनिया,

श्रीमती अन्नू टण्डन,

श्रीमती दीपा दासमुंशी,

श्री सुरेश कुमार शेटकर,

श्री मुकेश भैरवदानजी गढ़वी,

श्री किसनभाई वी.पटेल,

डॉ. कुप्पारानी किल्ली,

श्री सज्जन वर्मा,

कुमारी मीनाक्षी नटराजन,

श्री उदय प्रताप सिंह,

श्री महाबल मिश्रा,

श्रीमती बोचा झांसी लक्ष्मी,

श्री सतपाल महाराज,

श्री पी.टी.थॉमस,

श्री महिन्दर सिंह केपी,

श्री एन. पीताम्बर कुरुप,

श्री एंटो एंटोनी,

चौधरी लाल सिंह,

श्री निनोंग ईरींग और

डॉ. अरविन्द कुमार शर्मा अपने को श्री संजय निरुपम द्वारा उठाए गए विषय से सम्बद्ध करते हैं।

SHRI YASHWANT SINHA (HAZARIBAGH): Madam, we all know that we are a liberal society. We all know that we are a democratic society. We all know that in a liberal democratic society, there is a place for humour and, therefore, in all the newspapers and magazines, day after day, cartoons are published. We all look at them. We smile at them and that is the end of the matter.

But of late, we have noticed a tendency on the part of some people in this country to denigrate the political class. We have noticed a tendency on the part of some people to make fun of not only Members of Parliament and the State Legislatures but the entire Parliament, the entire democratic structure of this country, the system of democracy, the institutions of democracy are being denigrated every day by some people. We are a free society. There is freedom of expression. Therefore, no action is taken.

But when we looked at this book--and I must confess that I do not have school-going kids, so I do not know what is being taught in the schools today--what does this book, which has been circulated to the Members of Parliament about democratic politics, represent? This is a collection of the worst cartoons on politicians in this country, and they have all been collected and put together in this book. The children of impressionable mind, impressionable age, you know, are being moulded through books like this. We are moulding their minds to hate politics, to hate politicians and thereby we are endangering the democracy of this country.

We are all proud of the fact that India is a democracy. We know that democracies have collapsed all around us and in the rest of the Third World. India is the only shining star where democracy has survived. When we go out, we proudly make this point that we belong to a democratic nation; we belong to a country which – despite all our problems, despite all our quarrels, despite all the poverty and deprivation that our people face – has continued to be a democracy. We have upheld the torch of democracy burning bright throughout the 60-65 years that this country has been an independent country. But, if we are denigrated in this manner before the going kids, then what is the impression that they will form about us? I was not at all surprised when the distinguished Member said that when she asked the children as to whether they were willing to join politics, they said 'No'. We, sitting in this House, know as to how difficult it is to win an election and come to this House to represent a constituency.

I have said in this House that I belong to the top Civil Service of this country. I thought that passing that examination was the most difficult thing in the world until I contested my first election and realised that contesting an election is the most difficult thing in India's politics. We have all come through that. We all come from different backgrounds, but we represent the people of India. All 543 of us here in this House represent the people of India. If there is one institution in this country that really represents the people of India, it is the Lok Sabha; it is the Parliament of India.

Madam, you will entirely agree that if we spread this kind of canard about politics in a systematic manner among the young people of this country, then what is that we are trying to teach our people and our kids? Therefore, I do not know what procedure has been followed; I do not know which brilliant minds have gone into preparation of this, but they are clearly the minds which are not needed, people who are not needed in the democratic polity of this country. Therefore, removing this cartoon, removing this book is not enough, the person who should be removed is the Minister for HRD....(*Interruptions*)

After all, there is a concept of Ministerial responsibility in this country and we cannot hide behind the fact that somebody else has done it, for every action, the Minister is responsible. Therefore, we demand that the Minister must come to this House and politely tender his resignation. That is the only thing which can satisfy us....(*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Shri P.L. Punia,

Shri Shivarama Gouda,

Shri Sohan Potai,

Shrimati Jayshreeben Patel,

Shrimati Kamla Devi Patle,

Shri Dilipkumar Mansukhlal Gandhi,

Shri Gajanan D. Babar,

Shri Rajendra Agrawal,

Prof. Ramshankar,

Shri Ganeshrao Nagorao Dudhgaonkar and

Shri Virendra Kumar are allowed to associate with the matter raised by Shri Yashwant Sinha.

अध्यक्ष महोदया : आप बैठिए।

â€¦(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : श्री शरद यादव।

â€¦(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : वे खड़े हैं। उन्हें बोलने दीजिए। बैठ जाइए।

â€¦(व्यवधान)

श्री शरद यादव (मधेपुरा): अध्यक्ष महोदया, यह सवाल दो-तीन दिनों से सभी पक्षों में बेचैनी बनाए हुए है। इसमें दो जगह तो मेरा ही कार्टून बनाया गया है और ये दो साल पहले मुझे किसी टीचर ने आकर बताया था। मैं इसमें कहना चाहता हूं कि बहुत पुराने कार्टूनिस्ट हैं, उनकी भी बहुत कार्टूनें हैं। लेकिन मैं इतना ही निवेदन करूंगा, जैसा यशवंत सिन्हा जी ने कहा कि एक तरफ से नहीं, बल्कि चारों तरफ से और यह वर्षों से शुरू है। आलोचना तो होती है। ...(व्यवधान) लेकिन मैं यह मानता हूं कि इस देश में अगर कोई परिवर्तन होगा तो इस सदन से होगा, लोक सभा से होगा। सब चीजें हैं, हम उनका आदर करते हैं, लेकिन यशवन्त सिन्हा जी ने जो बातें उठाई हैं, इसमें इन्दिरा जी हैं, बड़े-बड़े लोग हैं। इन्दिरा जी के प्रति इसमें हैं, आडवाणी जी हैं, अटल जी हैं और हम भी 2-3 जगह हैं...(व्यवधान) हमको तो कई बार कई तरह से लोगों ने चित्रित किया है। हमारी आदत सदियों से जीने की है...(व्यवधान)

श्री लालू प्रसाद (सारण): इसमें कार्टून में नहीं हैं।

श्री शरद यादव : आपको क्यों तकलीफ हो रही है, क्या आपका भी इसमें है?

श्री लालू प्रसाद : हमको तकलीफ नहीं है, तकलीफ यह है कि हमको छोड़ दीजिए, आडवाणी जी को देखिये।...(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: Sharad-ji, please address the Chair.

श्री शरद यादव : मैंने उनका भी बोला है।...(व्यवधान) आप क्यों ऐसा कर रहे हैं। लालू जी, मैंने उनका भी बोला है।

MADAM SPEAKER: Please address the Chair. शरद जी, इधर देखिये।

श्री शरद यादव : वह आडवाणी जी नहीं हैं, वह लक्ष्मण का आदमी है, थोड़ा पढ़िये-लिखिये।

अध्यक्ष महोदया: हां, इधर देखकर बोलिये।

श्री शरद यादव : क्या करें, इन्होंने छेड़ा, इसलिए गलत बात न हो जाये तो बताया कि वह लक्ष्मण का आदमी है। मगर आडवाणी जी का भी जिक्र है, एक-दो जगह उनका भी है। मैं यह कह रहा हूं कि मैं इसमें नहीं जा रहा हूं।...(व्यवधान) नहीं, सुनिये। मैं आपसे यही निवेदन करना चाहता हूं कि ये जो कार्टूनिस्ट होते हैं, वे सवालों को, सारी समस्याओं को बहुत तरीके से चित्रमय कर देते हैं, लेकिन उसके लिए परिपक्व दिमाग चाहिए। यह किशोर मन जो है, जब वे अपनी दुनिया के बारे में दिमाग बनाते हैं, संस्कार बनाते हैं तो यशवन्त सिन्हा जी ठीक बोल रहे थे, उसमें एक बात यह है कि यह बात इसमें ऐसे रखनी चाहिए कि जो बच्चा है, वह तो चित्र के साथ ही महसूस करेगा कि इसमें क्या है। मैं मानता हूं कि बाबासाहेब का भी जो था, मैंने एक आर्टिकल उनका पढ़ा है, उसमें उनका जिक्र था तो उसमें उन्होंने यह कहा कि इस कार्टून में तो ठीक बात है, लेकिन मेरे साथ जवाहर लाल जी जरूर होने चाहिए थे और राजेन्द्र बाबू पीछे से यदि व्हिप लगा रहे होते तो ज्यादा ठीक होता।

कार्टून सब के बनते हैं, लेकिन एक बात जो सबसे ज्यादा है, वह यह है कि हर तरह की जिंदगी के बारे में राजनीति का कोई विश्वविद्यालय नहीं होता। पोलिटिकल साइंस होती है, लेकिन राजनीति का कोई विश्वविद्यालय नहीं होता, राजनीति आदमी अपने आप प्रेरित होकर समाज में सीखता है। किसी तरह से कुछ लोग आजकल एडमीशन के चलते आने लगे हैं कि यह पहला शॉर्ट कट है, लेकिन 60 वर्ष में यह हालत 10-15 वर्ष से हुई है। बाकी देश, बाकी समय, चाहे आजादी की लड़ाई हो, चाहे आजादी के बाद का समय हो, लोग तो इस देश में त्याग, तपस्या और समाज को बनाने के लिए राजनीति में आते थे। अब यह जो लोगों की बेचैनी है, उसका कारण अकेले यह कार्टून नहीं है। यह सबसे बड़ी बेचैनी है कि लोकतंत्र और लोकशाही में जो सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण किताब और पुस्तक हैं, अब मैं इंजीनियरिंग पास हूं, लेकिन मेरी पढ़ाई का कोई वास्ता इससे नहीं है, लेकिन रिक्शा वाला, तांगे वाला, गिट्टी तोड़ने वाला, खेत वाला, खलिहान वाला, प्रोफेसर, जो और तरह की बात आप लोग कर रहे थे, अकेले यहां इसी सदन में लोग बैठे हैं, जो हर तरह की जिंदगी को महसूस ही नहीं करते, बल्कि उसका अध्ययन किये हुए लोग बैठे हैं। कबीर ने ठीक बात कही थी कि पोथी से समाज नहीं समझा जा सकता, पोथी से नहीं, अपने जीवन के अनुभवों से समाज को समझ सकते हैं।...(व्यवधान) जो इन्होंने कहा कि तू पोथी देखी बोलता है और मैं आंखों देखी बोलता हूं, यह ठीक बात है। सबसे बड़ी बात यह है कि कल जब पढ़े-लिखे की, नहीं पढ़े-लिखे की बहस हो रही थी, गांधी जी ने सन् 1933 में कहा था, किसान और मजदूर जो स्कूल और कालेज नहीं गए, तो उन्होंने कहा कि मेरा सबसे ज्यादा विश्वास उन्हीं पर है, जो इस ...(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: Let us please have this discussion.

...(*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: What is this? Sit down.

...(*Interruptions*)

अध्यक्ष महोदया : आप बैठ जाइए।

â€¦(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : पेपर नीचे करिए।

â€¦(व्यवधान)

श्री शरद यादव : अंत में मैं विनती करूंगा, निवेदन करूंगा कि ये सारी चीज जो है, ठीक बात यह है कि लोकशाही की सरकार जो होती है, पंचायत से लेकर, विधान सभा से लेकर दिल्ली तक और यह सवाल कोई दो दिन का नहीं है, सरकार तो यहां 60 वर्ष से चल रही है, लेकिन मैं यह महसूस करता हूं कि जो ह्यूमन रिसोर्स मिनिस्टर कपिल सिब्बल जी हैं, ...(व्यवधान) मैं आपको कहना चाहता हूं कि ये इतने तरह के कानून और इतनी तरह की सब चीजें कर रहे हैं और यदि पूरी तरह से इस सवाल पर जिम्मेदारी किसी की डाली जाये तो पहले भी यदि मैंने भूल की है तो आपको किसलिये बिठाया गया है? आपको क्यों बिठाया गया है? इसलिए आपको, जिससे हर मंत्री आगे के लिए सर्तक रहे, यह कोई दूसरी चीज के लिए नहीं है, देश में बच्चों के जो संस्कार हैं, वे देश के हर तरह के लोगों के लिए, जो अच्छे लोग हैं, अच्छा पक्ष है, उसके इतिहास को समझायें, ठीक से कोमल मन को समझाने का काम करना चाहिए। सिब्बल साहब, अकेले हम लोग नहीं, पूरा सदन आपके इन कामों के प्रति यहां बैचेनी जाहिर कर चुका है। आप सदन से तो गये हैं, लेकिन आप सोनिया जी को समझा रहे हैं, आपका काम चलेगा नहीं। आपने गैर-जिम्मेदारी का काम किया है, इसलिए आपके इस विभाग में नहीं ...(व्यवधान) आप आई.टी. मिनिस्ट्री को चलाइये। यह विभाग बहुत जिम्मेदारी का विभाग है। इसे छोड़िये और सबसे बड़ी बात कि आगे के लिए भी एक नया रास्ता बनाइये। .....(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : श्री पन्ना लाल पुनिया अपने आपको श्री शरद यादव जी के विषय के साथ संबद्ध करते हैं।

श्री मुलायम सिंह यादव (मैनपुरी): अध्यक्ष महोदया, इस मामले को गंभीरता से सिन्हा साहब ने और शरद यादव जी ने रखा है। हम समझ रहे हैं कि इसमें दलीय

आधार पर नहीं सोचा जायेगा। चाहे सत्ता पक्ष हो या विपक्ष हो, यह विषय ऐसा है कि सभी राजनीतिज्ञों के ऊपर एक तरह से हमला ही है। देश की जनता की नजरों में हमें किस तरह से देखा जायेगा। बच्चों को इसे पढ़ाया जायेगा, बच्चे अगर इसे पढ़ेंगे तो उनकी मानसिकता कैसी होगी? हमारे देश में आने वाला जो समय है वह कैसा हो जाएगा। हम लोग सोचते हैं कि आने वाली पीढ़ी बहुत प्रभावशाली और प्रेरणा लेकर आएगी, तो इसको गंभीरता से लीजिए।

हम इसे जानते हैं, हम पर तो बीत चुकी है। हमें तो सन् 1980 में डकैत बनाया गया था, राइफल लेकर हम चल रहे थे। उस चित्र में था कि हम राइफल लेकर चल रहे हैं, बीहड़ में जा रहे हैं और डकैत हैं। शरद यादव जी को सब कुछ पता है, फर्जी एनकाउंटर की लड़ाई जब लड़ी जा रही थी, आप तो साथ थे। उस समय हमें डकैत बना दिया था। ...(व्यवधान) फर्जी एनकाउंटर्स हो रहे थे, हम लोग फर्जी एनकाउंटर्स के खिलाफ लड़ रहे थे। मैं उसमें जाना नहीं चाहूंगा, वह कैसा अध्याय था, कैसा समय था जिसमें लगभग पांच हजार निर्दोष लोगों की हत्या की गई थी। मुझे गर्व है कि इस लड़ाई में शरद यादव जी थे, हम भी थे, बहुत लोगों ने लड़ा था, तब हम इसे बंद करा पाए थे। कुछ लोगों के खिलाफ कार्रवाई भी करा ली गई थी। ये जो इस तरह से कार्टून निकल रहे हैं, इससे बच्चों की मानसिकता क्या बनेगी? हम लोग तो कम से कम सदन में हैं, कुछ तो इस सदन के अंदर आदर्श हैं, जो आदर्श बनेंगे जो बच्चों और जनता के लिए आदर्श बनेंगे। हम लोगों को इस दृष्टि से देखा जाए। मैं कह सकता हूं कि चाहे कोई वर्ग हो अगर जरा-सी शराफत और विवेक है तो इस तरह की पुनरावृति न करें बुरे दिनों में और तकलीफ सुनने वाला कोई वर्ग है तो यह सांसद वर्ग है।...(व्यवधान) सांसद को रात के दो बजे जगा सकते हो। हर आदमी जो दुखी है हम लोगों के पास आता है। कोई और जगह जाइए तो कहते हैं कि पूजा कर रहे हैं, स्नान कर रहे हैं, ध्यान कर रहे हैं, दफ्तर चले गए हैं। जितने लोग यहां बैठे हैं, हम लोग ऐसे लोग हैं जब चाहे जनता अपनी मदद के लिए हमें पकड़ सकती है, खुली किताब की तरह हम लोग हैं।

अध्यक्ष महोदया, इसलिए हम कहना चाहते हैं कि साठ साल तो मनाए गए हैं लेकिन अब साठ साल मनाने के बाद हम लोगों के लिए क्या मामला आ रहा है? इसे गंभीरता से लीजिए और ऐसा हो कि इसकी पुनरावृत्ति न हो।

SHRI T.K.S. ELANGOVAN (CHENNAI NORTH): Thank you, Madam. The cartoons displayed in this House are all about the view points of the media. These cartoons are published in the book called 'political science'. Political science is all about theories and philosophies; it is about democracy; it is about monarchy; it is about the economic uplift and not the individual's performance or an offensive on the individuals.

Some media may support the Ruling Party and some media may support the Opposition Party. In my State, media is so spineless that they will not criticise the Government, but they will criticise the DMK Party, which is in the Opposition. So, this is the view of the media, and these view points of media are not political science. It is the criticism of the day-to-day affairs. When a student is taught about the day-to-day affairs and is told that this is political science, then that is the mockery of the subject itself.

Somebody who had prepared this book had some bad intention in his mind, and with that intention he must have prepared this book. I may like this cartoon and I may even call the cartoonist and appreciate him saying : "You have done a nice cartoon." Even Pandit Jawaharlal Nehru did it. So, it is different, but it is not political science. A newspaper may write something bad about me and when I tell them that you have written bad about me, then they will publish my rebuttal in the obituary column. I mean to say that the bad news about me will appear as headlines, but my rebuttal will appear in the obituary column! This is the view of the newspapers.

Cartoons are the view points of the newspaper, and it is not political science. So, this book should be immediately withdrawn, and those who prepared this book should be punished.

श्री दारा सिंह चौहान : धन्यवाद, अध्यक्ष महोदया। आज हाउस शुरू होते ही इस कार्टून को लेकर जो हंगामा खड़ा हुआ, मैं जरूर बताना चाहूंगा कि इस देश में लोकतंत्र की स्थापना के लिए, इस देश के अनेक लोगों ने अपनी जान की कुर्बानी दी उसके बाद आजादी में लोकतंत्र स्थापित हुआ है। मैं समझता कि जिस तरह से सारे राज नेताओं के प्रति कार्टून अखबार में कभी-कभी देख लिया करते थे और आज एनसीआरटी के किताब में, हमारे जो बच्चे नर्सरी हैं, आने वाले कल के भविष्य हैं उनके दिमाग को बदलने की जो साजिश हो रही है इसलिए मैं कह सकता हूं कि इसमें पढ़े-लिख लोग जो कार्टूनिस्ट हैं, कितने जद्दोजहद के बाद मुल्क को आजादी मिली और लोकतंत्र स्थापित हुआ मैं समझता हूं कि ऐसे पढ़े-लिखे लोग के दिमाग में इस लोकतंत्र के खिलाफ जो साजिश है इस कार्टून से स्पष्ट हो जाता है। वह नहीं चाहते हैं कि मुल्क में लोकतांत्रिक व्यवस्था कायम रहे। इसलिए देश में चाहे किसी पार्टी, किसी दल के लोग हों जो राजनीति लोग हैं, आजादी की लड़ाई लड़े आज हमारे बीच में कुछ लोग हैं और कुछ नहीं भी हैं उनके प्रति दुर्भावना की सोच हमारे आने वाले छोटे-छोटे बच्चों के अंदर पैदा की जा रही है। यह निश्चित रूप से देश के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। मैं कहना चाहता हूं कि माननीय सिब्बल जी जैसे काबिल मंत्री के रहते हुए ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : कृपया उन्हें बोलने दीजिए। आप लोग बैठ जाइए।

...(व्यवधान)

श्री दारा सिंह चौहान : माननीय सिब्बल जैसे काबिल मंत्री के रहते हुए एनसीआरटी के किताब के अंदर इस तरीके का कार्टून दिखाया जा रहा है तो निश्चित रूप से

माननीय सिब्बल साहब को स्पष्ट रूप से अपनी बात रखनी चाहिए कि आखिर ऐसा क्यों हुआ? ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए जिससे आने वाले दिनों में ऐसे लोग सबक लें और फिर इसकी पुनर्रावृत्ति न होने पाए।

DR. M. THAMBIDURAI (KARUR): Madam Speaker, yesterday most of our colleagues expressed their faith in our parliamentary democracy. But we are coming across so much criticism about politicians. However, bearing all those things and despite all struggles, we are coming over here to debate and enact laws in order to develop this country and help the common man. That is our idea. As our colleague said, the newspapers can put as many cartoons as they like, and we have no objection to that. They can write so many things criticizing us. That is part of democracy, and the Press has that right.

However, at the same time, what is the necessity of putting these kinds of cartoons in the textbooks, which is what we are objecting to. We are encouraging the youth to enter politics. The youth must be involved in the development of this country and that is why we are asking them to take part in political democracy. Under such circumstances, if such cartoons are published or being used in the text-books, what will the children and the youth think about politics? Such kinds of cartoons will poison the minds of the people, especially the young children. What will happen as a result of it is that it will lead to anarchy and the youth will not believe in democracy. Our forefathers struggled for achieving this democracy, which we are trying to preserve now. But if the cartoons published in the text-books are going to poison the minds of the students, then what will happen to the country?

Therefore, I want to know, through you, Madam, who is responsible for the publication of such kinds of cartoons in the text-books? Why was there negligence? Even in the revised books, the same cartoons were published, which is a mockery. The academicians must be held responsible for that. My request is that whoever is responsible for this, action must be taken against them.

श्रीमती शताब्दी राय (बीरभूम): अध्यक्ष महोदया, यहां सब माननीय सदस्य कार्टून के बारे में बातें कर रहे हैं। मुझे लगता है कि यह सिर्फ कार्टून की ही बात नहीं है, बल्कि दुनिया में आजकल पॉलिटिशियन्स के बारे में जो बातें चल रही हैं, उस बारे में भी हमें बात करनी चाहिए। पॉलिटिक्स और पॉलिटिशियन्स नाम की गाली बहुत दिन पहले से चल रही है। अगर घर में कोई ज्यादा बात करे या उलटी बात करे तो हम कहते हैं वह बहुत पॉलिटिक्स करता है या पॉलिटिशियन है। मुझे लगता है कि पॉलिटिक्स और गाली पहले से ही एक साथ जुड़े हुए हैं। आजकल सिर्फ कार्टून में ही नहीं, बल्कि जंतर-मंतर, फिल्म, प्रोग्राम आदि सब जगह ऐसा हो गया है कि अगर कोई पॉलिटिशियन को गाली दे तो जनता को बहुत अच्छा लगता है। हर फिल्म में एक पॉलिटिकल लीडर होता है। हर प्रोग्राम में एक पॉलिटिशियन होता है, जो व्हाइट ड्रैस पहनता है। ऐसा लगता है कि यह पॉलिटिशियन है। यदि उसे कोई खराब बोलता है तो सबको अच्छा लगता है। मैं कहना चाहती हूं कि जैसे सब एमपीज़ एमपीलैड के बारे में एक हो गए थे कि इसे बढ़ाना चाहिए, उसी तरह इस इशू के बारे में भी हमें यह नहीं देखना चाहिए कि कौन ऑपोजिशन में है। मैं दूसरी फील्ड से आई हूं, इसलिए मुझे लगा कि इलैक्शन लड़ना बहुत मुश्किल काम है, क्योंकि इसमें बहुत काम करना पड़ता है। अगर मीडिया आदि कोई बोले कि यह खराब है, तो एक-दो लोग हर इंडस्ट्री में खराब हैं। लेकिन इस बात को बढ़ाने से हमारे अच्छे काम भी कवर हो जाते हैं। अगर सिर्फ बुराई ही होती तो यह देश नहीं चलता। अच्छाई है, इसलिए देश चल रहा है। अच्छाई है इसलिए देश आगे बढ़ रहा है। मुझे लगता है कि इसे इस्टैबलिश करना है। इसके लिए हम सबको एक साथ लड़ना है। यह किस लॉ के तहत होगा, कैसे होगा, मुझे नहीं मालूम? यदि सब एक साथ हो जाएं, तो हम जो दो करोड़ लोगों को रिप्रैजैंट करते हैं, आम जनता के साथ लड़ना है, आम जनता हमारे अगेन्स्ट नहीं जाए, इसलिए जो लड़ाई लड़नी है, उसे अगर हम एक साथ लड़ें तो जिस जोश से हम इलैक्शन लड़कर आए हैं, उसी जोश से इसे भी फेस कर सकते हैं। पॉलिटिशियन अच्छा है, हमें इसे पूव करना है। ऐसा नहीं है कि पॉलिटिशियन बुरा है। यह हम सबकी इज्जत और सम्मान का सवाल है।

अध्यक्ष महोदया : श्री पी.एल. पुनिया अपने आपको श्रीमती शताब्दी राय के विषय के साथ सम्बद्ध करते हैं।

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB (CUTTACK): Madam, a week back when my esteemed colleague Mrs. Harsimrat Kaur Badal had shown me a book; I had actually prompted her to ventilate this issue on 13th May, 2012 but she was advised not to do that. Now, you have allowed us to speak. As politicians we are in public life, we know how to deal with criticism; how to deal with humour; and how to deal with satire. We are all accustomed to deal with this type of situation. I remember, I

think 80 years back, when Mr. Churchill was interacting with the Press, he had said: "I will be happy if you write in favour of me; I will be doubly happy if you criticize me in your paper, but I will not at all relish if you ignore me." So, all of us will be happy to be seen in the pages and to be discussed in the media but we will never relish, if we are ignored. But what has happened in between?

Since 2006, NCERT has been publishing this book "Democratic Politics". This is for class IX. There have been books on Social Science for classes X, XI and also for XII. I will just draw the attention of this House to two specific cartoons. In one cartoon, a candidate gives his property list which is a very recent phenomenon. It is a property list. There it is mentioned on the cartoon. You already have so much money because the candidate is providing a list of Rs. 50 crore. Why do you want to contest the election? Yes, we can laugh. This cartoon is there to bring a smile in our face. But the question which is put forth to explain or to write a passage by the student of class IX is "what do you think, will the situation change"? And that passage will be a very subjective passage.

And in another cartoon just beside that cartoon is that there are suitcases piled up like the sand bags that are piled to protect the security guard, and there is a bungalow which is quite far away. And the line is "He is guarding the defected MLAs." And the student of class IX is asked to explain the situation and that would be a very subjective one.

Of course, there is another cartoon, Madam, which actually pains me a lot. There is an inauguration; there is a hand pump and on the handle, it is written "Right to Information". There is a cartoon which is quite similar to the present Prime Minister and there are a lot of people who are just clapping and there is a banner on which it is written "Inauguration" and on the top of the handle, it is written Right to Information and below that, there is another cartoon which is identical to hand-pump and a person is just pressing it very hard and there are ladies with pots coming to get water from hand pump but the mouth of that hand pump is choked by bureaucracy. The question is that the Right to Information Act is one of the recent legislations passed by Parliament. Who is shown as obstructing the implementation of the legislation? Is this the situation of this country?

I was searching for one cartoon of Shri Irfan. As far as I remember, he is no more. He was brutally mauled by an unknown vehicle near NOIDA. Till today, we do not know how that accident had happened. Was it just a hit and run case or something else? But cartoons do bring smiles on our face in the morning paper. We should not treat this in any manner as a right or privilege or something of that sort. It should not encroach upon the freedom of expression. But if it is a text book and students are asked to explain or write passages on that, it portrays a very bad way of explaining the society that we are living in. I would only request, through you Madam, to the Government and also to the Members present here that we should all try to protect the freedom of expression at all costs. But, at the same time, we should not create an impression that a nuisance can be created through a text book which is being printed by the Government of India. This should be withdrawn and all adequate steps should be taken to take action against the culprits who are involved in this.

श्री गुरुदास दासगुप्त (घाटल): मैडम, मेरे हिसाब से यह परिस्थिति ज्यादा गंभीर है, जो हम लोग बोल रहे हैं, उससे ज्यादा गंभीर परिस्थिति है। यह सिर्फ पॉलिटिशियन्स के खिलाफ नहीं है, हम लोगों को निशाना बना रहे हैं, यह परिस्थिति नहीं है, सिर्फ एमपी को निशाना बनाना है, तो बनाओ। हम लोगों के पास उस निशाने के खिलाफ लड़ने का हथियार भी है। मैं दुखी नहीं हूं। But that is not the issue. The issue is, there is an attempt to pollute the whole atmosphere of the country, total pollution of the country that leads to cynicism that everybody is bad; every system is bad; every Prime Minister is bad. This cynicism is the breeding ground for the rise of totalitarian political system in the world as we have seen everywhere.

The freedom of speech is one thing. But abuse of freedom of speech is another thing. NCERT is one example. Why was the person, who did it, provoked? That is the general atmosphere in the country. सब चोर हैं। And it started with, forgive me, *के टाइम Please remember, what the aide ofâ€¦has said. ...(*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Please refrain from taking any one's name. They are not in the House. This will not go on the record.

(Interruptions) â€¦ *

SHRI GURUDAS DASGUPTA : One person who was connected with the hunger strike had said: "There are many rapists and murderers in Parliament." If he had the evidence, let him prove it. We are ready. Members of Parliament are not afraid to face any free trial by anybody in the country. But we are being put on trial. Everybody is free to put us on trial. That is an

aberration. That is a general atmosphere. And NCERT book is a part of that.

Madam, I tell you one thing. It is not just NCERT book. Please forgive me for saying so. Old news has been printed in the newspapers, "Love of Nehru". It is being printed in the newspapers. Recently one novel has been published in Bengali which depicts illicit love of Tagore *â€¦ *â€¦* The novel has been published and it has been telecast. I have seen it. To what extent are we going! What Nehru did, Nehru knows. What Tagore did, Tagore knows. That is not for us to know today by digging their graves. It has become a practice for business to earn money.

She was speaking of films. Best films are those that depict sex, crime and denigration of politicians. Nobody stops it. It is not the NCERT alone. What about the films? What about the television serials? What about the newspapers? The whole country is being polluted deliberately by a section of the people to create a sense of cynicism, frustration and to give the signal that the ruling circle is bad. If everybody in the Parliament which rules is bad, everybody is bad. What is the alternative? Totalitarian system? Anarchy?

It is deliberately being done to put the country to shame and bring about anarchy and destroy the political system of the country. That is the point. NCERT is a part of that. That novel on Tagore is a part of that. That story about Nehru is a part that. â€¦ *

MADAM SPEAKER: That will not go on record.

SHRI GURUDAS DASGUPTA : Madam, this is what is being sought to be taught to the people.

I call upon the whole nation to be vigilant. I call upon all the Ministers to be vigilant. I call upon the entire system to be vigilant. This is a crusade against Indian ethos, Indian culture. We cannot denigrate our leaders, those who have passed away. Therefore, Ministers should be careful in selecting the people who should discharge the responsibility of publishing books. But the Parliament should be aware that the situation is much more grave than what we think it to be.

श्री बसुदेव आचार्य (बांकुरा): आज हमारे देश में ऐसा चल रहा है कि सब पोलिटीशियंस को एक ब्रश से पेंट किया जा रहा है। Madam, we know that in every section of our society there are black sheep. But to generalize and say that all the politicians are corrupt, all the politicians are criminals, MPs are corrupt and criminals, means to paint the politicians, the MPs in the same brush. I do not know what is the intention behind publishing this book by NCERT. The title of the book is: Democratic Politics-1. I do not know what is there in No.2. Kapil Sibal would tell us.

SHRI GURUDAS DASGUPTA : No.2 would be vilification.

SHRI BASU DEB ACHARIA : No.2 would be vilification.

I would like to know from Mr. Kapil Sibal, who is here, what they want to teach 11 Standard students from the Text book of political science, I do not know what they want is there to teach with these cartoons. Cartoons are a way of life. We also like cartoons.

13.00 hrs.

But to misuse those cartoons to denigrate the leaders and the politicians, and that too, it is for the children, who are the future generations, बच्चों को हम क्या सिखा रहे हैं, वे हमारे, देश और लोकतंत्र के बारे में क्या सोचेंगे? कल ही चर्चा हुई है कि हमारे लोकतंत्र में क्या-क्या कमियां हैं? We discussed the weakness in our democratic system and we have the right to discuss.

MADAM SPEAKER: All the points have been covered; if you have any new points, please make them.

श्री बसुदेव आचार्य : बच्चों को हम कहां ले जा रहे हैं यह हमें सोचना चाहिए। I feel, Madam, that it is an attempt to denigrate not only the politicians, but also to denigrate the system itself; we should seriously consider that. The Leader of the House has already made a statement and assured the House that the book will be withdrawn. But some inquiry should also be instituted. ...(*Interruptions*) is it already withdrawn? Okay. But how and why that book was allowed to be in the syllabus – that has to be inquired, not only inquired, but also some action should be taken against those persons who were responsible for that.

MADAM SPEAKER:

Shri M.B Rajesh and P.L Punia are allowed to associate with the matter raised by Shri Basu Deb Acharia.

श्री लालू प्रसाद : मैडम, हम आपको धन्यवाद देते हैं, आज केवल एक पार्टी नहीं बल्कि पूरा सदन चिंतित है कि यह क्या पढ़ाया जा रहा है, क्या सिखाया जा रहा है। किताब आपको मिल गयी होगी और पता नहीं माननीय सिब्बल साहब ने किताब को देखा है या नहीं देखा है? एचआरडी पर इतना पैसा खर्च होता है, इनके ऑफिसर्स स्कूल-कॉलेज में, पॉलिटिक्स में क्या पढ़ाया जा रहा है, इसे देख रहे हैं या नहीं देख रहे हैं? महोदया, यह गलत धारणा नहीं बनानी चाहिए कि हम लोगों के ऊपर यह बात है। पॉलिटिशियन्स और एमपीज के ऊपर यह बात है, यह तो जो हो रहा है वह हम रोज बता रहे हैं। किसी एमपी पर कोई आरोप लगा, तो ये गलती हम लोगों के साथी भी करते रहे हैं और मज़ा लेते रहे हैं। फलां फंस गया, फंस गया, खा गया, खा गया।

महोदया , आज मुझे खुशी है कि सब लोग इकट्ठा हो रहे हैं...(व्यवधान) और जब फंसे हैं तब इकट्ठा हो रहे हैं, आंख इन लोगों की खुल रही है। ...(व्यवधान) अरे भई साधु बाबा हमारी बात सुन लो...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप इधर संबोधित करके बोलिये।

श्री लालू प्रसाद : नहीं, वह साधु बाबा हैं, इनका आदर करते हैं, इसका यह मतलब नहीं है कि यह बार-बार टोकेंगे। आप लोग भी फंसे हैं। ...(व्यवधान) महोदया, स्वर्गीय इंदिरा जी से लेकर सोनिया गांधी जी का, सब का कार्टुन, शरद भाई बता रहे थे, उसमें है। बताइये, हमारे चेहरे-मोहरे में कोई टेढ़ापन है क्या? जिस तरह से कार्टून बनाकर बच्चों को हंसने के लिए हमें मजाक का विषय बना दिया है, तो हमारे बच्चे क्या पॉलिटिक्स सीखेंगे...(व्यवधान) आप लोग बोल रहे हैं कि इसे विद-ड्रा कीजिए, लेकिन उन्होंने जो पढ़ लिया है वह कहां से विद-ड्रा होगा। लड़कों ने पढ़ लिया, देख लिया, किताब रख ली उसका क्या होगा? आप जान बचाने के लिए कह दीजिए कि मैं एक्शन लूंगा, कार्रवाई करुंगा, किताब वापस ले ली है लेकिन उसने जो किताब घर में रख ली है, कॉपी कर ली है उसका क्या होगा? इसलिए यह बहुत गंभीर मामला है, किसी पार्टी का नहीं है। एमपी तो एमपी, जो हमारी मालिक है जनता, उसको भी दिखाया है।

देशवासियों, वोटर भाई और बहनों, आप चाहे जिस पार्टी को वोट देते हो, आपको भी कार्टून में कुत्ता बनाया है। कुत्ता बना दिया है। ऐसी हालत है। इसमें वोटर को लालची बताया है।...(व्यवधान)

श्री कपिल सिब्बल : इसमें आप भी हैं।

श्री लालू प्रसाद : आप अभी बता रहे हैं, लेकिन शरद जी बता चुके हैं कि हम भी उसमें हैं। जब इंदिरा जी है, सोनिया जी हैं, तो हम कहां बच सकते हैं। सारे लोग कार्टून में हैं। देश की जनता को कुत्ता बनाया है। अभी चर्चा हो रही थी चलो उन्हें बटूक भैरव बना दिया है।...(व्यवधान)

श्री भर्तृहरि महताब : कार्टून के नीचे जो तीन लाइनें लिखी हैं, उन्हें पढ़िए।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : महताब जी आप बैठ जाएं। लालू जी आप भी अपनी बात समाप्त कीजिए।

â€¦(व्यवधान)

श्रीमती हरसिमरत कौर बादल : बच्चों को कहा है कि डिस्कस करें।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : हरसिमरत जी आप बैठ जाएं।

â€¦(व्यवधान)

श्री लालू प्रसाद : महोदया, पढ़ाई-लिखाई की बात तो दूर है, इसमें लिखा है - " रीड दि कार्टून। " प्राथमिकता के साथ लिखा है कि और कुछ पढ़ो या न पढ़ो, लेकिन कार्टून को पढ़ो। ये वही लोग हैं, जो इस मानसिकता के हैं और वही षडयंत्र रच रहे हैं सरकार से लेकर हर चीज को उजाड़ने के लिए, संस्था को उजाड़ने के लिए, ऐसे लोग जो यहां नहीं आ पाते हैं, वे ऐसा षडयंत्र रचते हैं। मैं लगातार कह रहा हूं, लेकिन आप मेरी बात पर ध्यान नहीं देते हैं। हम एकजुट हैं। आप बताएं कि क्या कार्यवाही करने जा रहे हैं। आप गारंटी दीजिए और ऐसे लोगों को सख्त सजा देने की जरूरत है। इनके ऊपर क्रिमिनल केस करने की भी जरूरत है।

श्री पन्ना लाल पुनिया : महोदया, मैं अपने को श्री लालू प्रसाद द्वारा उठाए गए विषय से सम्बद्ध करता हूं।

श्री अनंत गंगाराम गीते (रायगढ़): अध्यक्ष महोदया, कल ही हमने संसदीय लोकतंत्र के साठ साल की वर्षगांठ मनायी है। लोकतंत्र की हम सभी ने सराहना की है और यह अपेक्षा की है कि हमारा लोकतंत्र सदियों तक चले।

अध्यक्षा जी, जिस लोकतंत्र को हमने अपनाया है, उसमें हर एक को अपनी बात रखने की आज़ादी है। इस किताब में जो कार्टून दिए गए हैं, उनसे ज्यादा मैं एक बात की ओर आपका, सदन और सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा कि एनसीईआरटी की इस किताब का पहला एडीशन मार्च, 2006 में प्रिंट हुआ था। जनवरी, 2007 में सैकिण्ड, जनवरी, 2008 में थर्ड और दिसम्बर, 2008 में फोर्थ, जनवरी, 2010 में फिफ्थ एडीशन और नवम्बर, 2010 में सिक्स्थ एडीशन छपा था। यह सभी किताबें नाइन्थ स्टैंडर्ड, टैंथ स्टैंडर्ड, इलेवन स्टैंडर्ड और टवैल्थ स्टैंडर्ड को पढ़ायी जा रही हैं। आपत्ति कार्टून्स पर नहीं है। लोकतंत्र में सभी को अपनी बात कहने

का अधिकार है, लेकिन इन कार्टून्स को हमारी टैक्स्ट बुक्स में शामिल किया गया है और बच्चों को पढ़ाया जा रहा है, आपत्ति इस पर है। ऐसा वर्ष 2006 से चल रहा है। ये एनसीईआरटी की किताबें हैं। एनसीईआरटी की किताबों के लिए एक कमेटी होती है। वह कमेटी तय करती है कि किस बात को किताब में छापा जाए, किस बात को बच्चों को सिखाया जाए। कमेटी की ओर से इसका अप्रूवल भी दिया जाता है। इस बात की जांच की आवश्यकता है कि जिस कमेटी ने इसको अप्रूवल दिया है, उसका हेड कौन था और कौन-कौन मैम्बर्स थे?...(व्यवधान)

श्री गणेश सिंह (सतना): मंत्री उन्हें स्वयं नियुक्त करते हैं।

श्री अनंत गंगाराम गीते : जो भी है, उसकी जांच करने की आवश्यकता है। यह जांच इसलिए करनी है, क्योंकि यह ज़हर फैलाने का काम हो रहा है। आज की युवा जनरेशन के बच्चों के मन में राजनीति और राजनेताओं के प्रति जहर फैलाने का काम हो रहा है और यह काम सरकारी टैक्स्ट बुक कर रही है। हमें आपत्ति इस बात पर है। सदन के नेता ने इस टैक्स्ट बुक को वापिस लेने की घोषणा सदन के सामने की है। बात केवल टैक्स्ट बुक वापिस लेने की नहीं है बल्कि जो मानसिकता इसके पीछे है, उसे खत्म करने की आवश्कयता है।

अध्यक्ष महोदया : श्री नामा नागेश्वर राव, कृपया बहुत संक्षेप में बोलिए।

â€¦(व्यवधान)

श्री नामा नागेश्वर राव (खम्मम): माननीय अध्यक्ष महोदया, कल सबने बहुत अच्छे तरीके से 60वीं वर्षगांठ की चर्चा के बाद शाम को माननीय अध्यक्ष महोदया, महामहिम राष्ट्रपति और माननीय प्रधानमंत्री की स्पीच सुनी। हमने सोचा है कि we have to change our working system. 60वीं वर्षगांठ के अवसर पर सब लोगों द्वारा डेमोक्रेसी के बारे में चर्चा के बाद आज यह बात सामने आई है। डेमोक्रेटिक पालिटिक्स नंबर 1 में प्रिंट किया गया है। जैसा कि अभी बताया गया कि यह आज का नहीं है, 2006 से लेकर कन्टीनुअसली प्रिंट हो रहा है। इसके लिए पूरी जिम्मेदारी मंत्री की बनती है। ...(व्यवधान) इससे पहले हाउस में माननीय वित्त मंत्री ने क्लेरिफाई किया है। हमें लालू जी द्वारा कही गई बात याद आई है कि ऑलरेडी जो कुछ पढ़ाया गया है, वह तो बच्चों के मन में चला गया है, उसे कैसे निकालेंगे? माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से एक बात कहना चाहता हूं।

अध्यक्ष महोदया : समाप्त कीजिए।

â€¦(व्यवधान)

श्री नामा नागेश्वर राव : बच्चे को थोड़ा बहुत रिएलाइज कराने के लिए मंत्री इस हाउस में इस संबंध में इस्तीफा दें।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : ठीक है।

श्री एस.डी. शारिक।

श्री नामा नागेश्वर राव : ताकि वे महसूस करें कि इस तरह से गलत हुआ है और इसी वजह से मंत्री ने इस्तीफा दिया।...(व्यवधान) जब यह बच्चों के मन में आएगा तो थोड़ा बहुत रिएलाइज हो सकता है।

MADAM SPEAKER: Only Shri S.D. Shariq's speech will go in records.

*(Interruptions) â€¦**

अध्यक्ष महोदया : आप बैठ जाइए। शारिक जी, आप शुरु कीजिए।

â€¦(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: You are only repeating yourself. Please sit down.

श्री शरीफुद्दीन शारिक (बारामुला): माननीय अध्यक्ष महोदया, आपका बहुत शुक्रिया। मैं नहीं समझ रहा हूं कि इस हाउस को इतना इरीटेट और परेशान होने की जरूरत क्यों महसूस हो रही है? क्या हम पर उंगली उठी है इसलिए हम शोर कर रहे हैं? हम पर उंगलियां उठाई जा रही हैं।...(व्यवधान) आप मेरी बात सुनिए, न मत कहिए।...(व्यवधान) मेरी अपनी सोच है। हमने क्यों अपने किरदार से, इन अमल से, कार्टून वालों को मौका दिया कि वे हम पर उंगलियां उठाएं। क्यों? अकबर बादशाह, जो यहां मुतलिकुल एलान हुक्मरान रहे हैं। ...(व्यवधान) आप बात सुनिए।...(व्यवधान) शोर करने से गलतियां नहीं छिपती हैं। ...(व्यवधान) गलतियां मानने से छिपती हैं।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप क्या कर रहे हैं? उन्हें बोलने दीजिए।

â€¦(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप क्यों खड़े हो गए हैं।

â€¦(व्यवधान)

श्री शरीफुद्दीन शारिक : ये नहीं चलेगा। अपने दामन में झांक लो।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : बैठ जाइए।

â€¦(व्यवधान)

श्री शरीफुद्दीन शारिक : हमारे करेक्टर का समाज में रिफ्लेक्शन आ रहा है। अकबर बादशाह के जमाने में जितने भी सख्त से तरीन सख्त लोग एलान मुतलिकुल रहे हैं। ...(व्यवधान) उनके खिलाफ भी बातें हुई।...(व्यवधान) आज ही कार्टून नहीं आए। कार्टून हमेशा आए।...(व्यवधान) क्या आपने आज का एमएलए वाली फिल्म देखी है। उसमें 20 साल पहले क्या दिखा था। ...(व्यवधान) किरदार उसमें था।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप चेयर को एड्रेस कीजिए।

â€¦(व्यवधान)

श्री शरीफुद्दीन शारिक : जब अकबर बादशाह ने बीरबल से कहा।...(व्यवधान) आप सुनना नहीं चाहते हैं। मैं सुनाकर रहूंगा।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : बस अब हो गया। अब समाप्त कीजिए। बैठ जाइए।

â€¦(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप बैठ जाइए।

â€¦(व्यवधान)

श्री शरीफुद्दीन शारिक : उस कार्टून की जो मज़म्मत करता है।...(व्यवधान) जो हम सबको चोर कहता है, मैं उसकी मज़म्मत मानता हूं। ...(व्यवधान) हमारे दामन पर बात आती है लेकिन क्या यह हकीकत नहीं है? कि एमपी, एमएलए और मिनिस्टर बनने से पहले अगर हमारे पास कुछ नहीं है, पांच साल बाद हम करोड़पति बनते हैं? क्या हमें किसी को पूछने का हक नहीं है? ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप बैठ जाइये।

...(*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Take your seat.

...(*Interruptions*)

THE MINISTER OF FINANCE (SHRI PRANAB MUKHERJEE): Madam Speaker, I want to speak on some other issue....(*Interruptions*). This has nothing to do with the current issueâ€¦ (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: What is this? Please sit down. The Leader of the House wants to speak. Please sit down.

...(*Interruptions*)

SHRI PRANAB MUKHERJEE: Madam, on 11th May, certain issues were raised by the hon. Members, Shri Yashwant Sinha and some others in respect of clarifications given by the Home Minister. As the matter relates to the Ministry of Finance, I told that I will make a statement. But thereafter these issues of Babasaheb Ambedkar's cartoon and others came up and thereafter the House could not proceeded. So, I could not make the statement. Therefore, with your permission, I would like to make a statement....(*Interruptions*)

अध्यक्ष महोदया : वह पहले बोल चुके हैं।

श्रीमती सुषमा स्वराज (विदिशा): वह मैंने सुना। जो उन्होंने बोला, उन्होंने कहा कि हम किताबें विदड्रा कर लेंगे और उन्होंने कहा कि यदि कार्टून्स हैं तो कार्टून्स विदड्रा कर लेंगे। लेकिन संयोग है कि स्वयं एचआरडी मिनिस्टर यहां बैठे हैं। एनसीईआरटी का मामला उठा है...(व्यवधान)

श्री प्रणब मुखर्जी : वह अलग बात करेंगे। He is ready with the statement but in between I am making my statement which I was supposed to do on 11th May.

श्रीमती सुषमा स्वराज : यह विषय समाप्त नहीं हुआ, इस पर सिबल साहब बोलेंगे। आप यह कह दीजिए तो ठीक है, नहीं तो क्या यह विषय टाक आउट हो गया। ...(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: That I do not know. I cannot compel.

श्रीमती सुषमा स्वराज : एक-एक पार्टी के लोग बोले हैं। यह इतना गम्भीर मुद्दा है...(व्यवधान)

SHRI PRANAB MUKHERJEE: He is ready with the statement. The question is whether he will speak now or whether he will speak after me...(*Interruptions*)

श्रीमती सुषमा स्वराज : मैडम, यह विषय टाक आउट नहीं होना चाहिए या तो आप कह दें, भले ही दादा पहले बोल लें, लेकिन बाद में सिब्बल साहब बोलें।

SHRI PRANAB MUKHERJEE: I have no problem. But this is pending from 11th May. That is why, I thought I would make a statement and after that he will respond.

अध्यक्ष महोदया : ठीक है, हो जायेगा, आप बैठ जाइये।